नईदुनिया

मिस एंड मिसेज मध्यप्रदेश सीजन-4 गरिमा और खुशबू ने जीते खिताब

ग्रैंड फिनाले में करीब 50 प्रतिभागियों ने दिखाया आत्मविश्वास और प्रतिभा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः ताज लेकफ्रंट होटल में द पेजेंट इंडिया कंपनी की ओर से मिस एंड मिसेज मध्यप्रदेश सीजन-4 का ग्रैंड फिनाले आयोजित किया गया।

प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई करीब 50 प्रतिभागियों ने प्रतिभा, व्यक्तित्व और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। गरिमा गोस्वामी ने मिस मध्यप्रदेश का खिताब जीता। मिसेज श्रेणी में आकांक्षा जैसवाल मिसेज मध्यप्रदेश गोल्ड विनर और खुशबू गुप्ता सिल्वर विनर बनीं। मुख्य अतिथि दिलीप सूर्यवंशी और विशिष्ट अतिथि हरिओम जटिया ने विजेताओं को सम्मानित किया। जूरी में अमानत सिंह चौहान सहित कई हस्तियां शामिल रहीं।

कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय पेजेंट्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित अनिका चक्रवर्ती, सिमरन पांडे, प्रियंका जोशी और अश्विनी वागद्रे की क्राउनिंग भी हुई। संयोजक फरहा अनवर ने कहा कि यह मंच महिलाओं को प्रतिभा और आत्मविश्वास निखारने का अवसर देता है।



पश्चिम मध्य रेल की 9वीं राज्य स्तरीय स्काउट्स एवं गाइड्स रैली का समापन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः पश्चिम मध्य रेल भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की 9वीं राज्य स्तरीय रैली का ग्रैंड कैंपफायर एवं समापन समारोह 4 नवंबर को रेलवे स्पोर्ट्स ग्राउंड, हबीबगंज रेलवे कॉलोनी में आयोजित किया गया। समारोह में पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंडल रेल प्रबंधक भोपाल पंकज त्यागी सहित वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। रैली में पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय सहित भोपाल, जबलपुर और कोटा मंडलों के लगभग 400 स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स एवं यूनिट लीडर्स ने सहभागिता की। इसका उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता, सेवा भावना और राष्ट्रप्रेम को प्रोत्साहित करना था। समारोह का शुभारंभ ध्वजारोहण, मार्च पास्ट और बैंड प्रदर्शन से हुआ। इसके बाद प्रतिभागियों ने लोकनृत्य, समूह गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।रैली के दौरान प्राथमिक उपचार, योग, पायनियरिंग और टीम आधारित प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभागियों में आत्मविश्वास, सहयोग और निर्णय क्षमता विकसित करने पर जोर दिया गया। शिविर का औपचारिक समापन 5 नवंबर को सर्वधर्म प्रार्थना एवं ध्वजारोहण के साथ हुआ। रैली ने युवाओं को आपसी संवाद, अनुभवों के आदान-प्रदान और सामूहिक रूप से सीखने का अवसर प्रदान किया।

पेटीएम की साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता मुहिम



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः पेटीएम (वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड) ने साइबर अपराध की जांच और रोकथाम को प्रभावी बनाने के लिए भोपाल में जांच अधिकारियों के साथ जागरूकता सत्र आयोजित किया।

सत्र की अध्यक्षता भोपाल पुलिस एसटीएफ के पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार चौधरी ने की। इसमें भोपाल पुलिस, एसटीएफ, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और साइबर सेल के लगभग 50 अधिकारी शामिल हुए।

पेटीएम ने अधिकारियों को मोबाइल भुगतान की कार्यप्रणाली, जांच में जरूरी जानकारी और कानूनी अनुरोधों पर समयबद्ध प्रतिक्रिया के लिए समन्वय प्रक्रिया समझाई। अधिकारियों ने व्यावहारिक सवाल साझा किए। सत्र में साइबर अपराध की जांच और रोकथाम के लिए बेहतर सूचना साझा करने पर चर्चा हुई।

संपादक का कार्य, चुनौतीपूर्ण, रचना चयन में निर्मम होः दवे

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः लघुकथा शोध केंद्र समिति के हिंदी भवन स्थित सभागार में मासिक पत्रिका 'शब्द मंदिर' का विमोचन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के मंत्री-संचालक डॉ. विकास दवे ने की।

उन्होंने कहा कि संपादक का काम चुनौतीपूर्ण होता है और रचना चयन में उसे निर्मम होना चाहिए। मुख्य अतिथि विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि साहित्यिक पत्र-पत्रिकाएं दीप स्तंभ की तरह समाज का मार्ग रोशन करती हैं। उन्होंने पत्रिका की दीर्घायु और सफलता की कामना की। सारस्वत अतिथि एवं पूर्व सांसद रघुनंदन शर्मा ने पत्रिका से साहित्य, संस्कृति, राष्ट्रप्रेम और शुचिता को बढ़ावा देने की अपेक्षा जताई।

लघुकथा शोध केंद्र समिति की निदेशक कांता रॉय ने पत्रिका को साहित्य, कला और पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण बताया। प्रधान संपादक स्नेहलता बरुआ ने पाठकों और लेखकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की प्रतिबद्धता जताई। संचालन घनश्याम मैथिल अमृत ने किया और आभार संपादक राजकुमार बरुआ ने माना।



पश्चिम मध्य रेल

वाणिज्य विभाग जबलपुर मंडल

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई–बोली आमंत्रित करता है। **सभी लॉट के लिय Category** : पार्सल, **सभी लॉट के लिय Catalogue No.**: JBP-PLS-26-11, **सभी लॉट के लिय Assets Details:** पार्सल लीज रियर एस एल आर तीन वर्षों के लिए।

Lot No.	Auction Start	Auction End
11447-SLR-R1-JBP-HWH-26-1	18.11.2026, 13:00hrs	18.11.2026, 13:30hrs
12121-SLR-R1-JBP-NZM-26-1	18.11.2026, 13:10hrs	18.11.2026, 13:40hrs
20162-SLR-F1-JBP-PUNE-26-1	18.11.2026, 13:20hrs	18.11.2026, 13:50hrs
12186-SLR-F1-REWA-RKMP-26-1	18.11.2026, 13:30hrs	18.11.2026, 14:00hrs
12194-SLR-F1-JBP-YPR-26-1	18.11.2026, 13:40hrs	18.11.2026, 14:10hrs
11705-SLR-F1-JBP-REWA-26-1	18.11.2026, 13:50hrs	18.11.2026, 14:20hrs

संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Auction Leasinge, मॉडयूल देखें। लॉट–वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध हैं। ई–बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

(हस्ता)

कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

आम सूचना का खण्डन

भूखण्ड/भवन क्र. 60 दीपक नगर ग्राम बावड़िया कलां भोपाल

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार संस्था दीपक गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित भोपाल द्वारा अध्यक्ष श्री दीपक शर्मा आत्मज स्वर्गीय श्री एस. एन. शर्मा की ओर से दिनांक 05.11.2026 को दैनिक समाचार पत्र नई दुनिया में अधिवक्ता श्री सुनील एवं रश्मि श्रीवास्तव द्वारा प्रकाशित आम सूचना का खंडन करता हूं। भूखंड क्रमांक–60 दीपक नगर ग्राम बावड़िया कलां खसरा क्र.–428/1 वार्ड नं.–53 तहसील कोलार जिला (पुरानी हुजूर) भोपाल में स्थित है उक्त भूखंड का कुल रकबा 7.62X12.20=92.93 वर्गमीटर अर्थात् 1000 वर्गफिट है, जिसमें भूतल पर निर्मित मकान का क्षेत्रफल 55.75 वर्गमीटर एवं प्रथम तल पर निर्मित मकान का क्षेत्रफल 55.75 वर्गमीटर है। उपरोक्त भूखंड के विक्रय पत्र में लिखित शर्तों का उल्लंघन करने के कारण एवं मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी के पंजीकृत उप नियम क्रमांक 43 (1) व 43 (2) के अंतर्गत संस्था द्वारा भूखंड निरस्तीकरण करने की कार्यवाही सक्षम न्यायालय में करने जा रही है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखंड को संस्था की लिखित अनुमति के बिना कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार सम व्यवहार अथवा क्रय विक्रय ना करें। यदि इस आम सूचना के खंडन के बाद भी कोई व्यक्ति उपरोक्त भूखंड के संबंध में किसी भी प्रकार का क्रय विक्रय करता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदारी उसकी स्वयं की होगी ना कि मेरे पक्षकार संस्था की। मेरा पक्षकार संस्था कानूनी कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगी जिसकी संपूर्ण हर्जे खर्चे की जवाबदारी भूखंड स्वामी की होगी।

MJF लॉयन महेश कुमार साहू (नोटरी एडवोकेट)

एवं रियल स्टेट कंसलटेंट

साहू लॉ चेम्बर BNI

कार्यालय : 231, लाहोटी चेम्बर, भूतल जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल मो.नं. : 9827300880, 9893086191

3066

कार्यालय सम्पदा अधिकारी

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, सॉची काम्पलेक्स, बोर्ड आफिस के सामने, शिवाजी नगर, भोपाल में स्थित दुकान क्रमांक बी-2 (बेसमेन्ट तल) मण्डल द्वारा श्रीमती विमला जौहरी पत्नी स्व. श्री यू. एस. जौहरी के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 11/09/2006 को पंजीकृत है। श्रीमती विमला जौहरी पत्नी स्व. श्री यू. एस. जौहरी द्वारा उक्त सम्पति श्री अतुल गुप्ता आत्मज श्री सी. पी. गुप्ता को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय किया गया, जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय में दिनांक 31/03/2010 को पंजीकृत किया गया है। परन्तु क्रेता/विक्रेता द्वारा मण्डल से हस्तांतरण की कार्यवाही नही कराई गई। सम्पतित के क्रेता श्री अतुल गुप्ता आत्मज श्री सी. पी. गुप्ता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र (स्वयं का), विक्रय विलेख की छायाप्रति, इत्यादि के आधार पर उक्त सम्पति अपने नाम हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। उनके द्वारा यह शपथ-पत्र भी प्रस्तुत किया है कि सम्पति के मूल आवंटी श्रीमती विमला जौहरी एवं उनके परिवार का वर्तमान में कही पता नही चल रहा है। भविष्य में किसी भी वाद-विवाद हेतु वही स्वयं जिम्मेदार होगे। प्रस्तुत प्रस्तुत दस्तावेजो एवं विक्रय विलेख दिनांक 31/03/2010 के आधार पर उक्त सम्पति के आधार पर उक्त सम्पति श्री अतुल गुप्ता आत्मज श्री सी. पी. गुप्ता के नाम पर हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी

म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल

3065

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र

प्रकरण क्रमांक–0202/अपील/2025–26

दिनांक 04.11.2026

// सूचना पत्र //

श्रीमती दुर्गेश सिंह पत्नि श्री अजय कुमार सिंह निवासी–55–56, नीलकंठ कॉलोनी कलखेडा रोड, जिला भोपाल म.प्र.

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक मनवीर सिंह आ. श्री रनबीर सिंह निवासी–ई–4/10, अरेरा कालोनी भोपाल जिला भोपाल म.प्र. द्वारा प्रकरण क्रमांक 74/अ–70/2024–2025 में पारित आदेश दिनांक 20.06.2025 से दुखी एवं व्यथित होकर म.प्र. भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 (1) के तहत अभ्यावेदन प्रस्तुत किया है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है।

उक्त में यदि आपको या किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 18.11.2026 को इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष समर्थन/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है उपस्थित न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अनुविभागीय अधिकारी

तहसील हुजूर, भोपाल

3064

परिशिष्ट B-संख्यांक 13

जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल सप्तम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, भोपाल

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

आरसीए/175/2026

रतनदीप सक्सेना **बनाम** सर्वसाधारण

NEXT DATE :08-12-2026

प्रतिवादी-सर्वसाधारण। पता-भोपाल एम.पी.। **यह कि प्रार्थी** रतनदीप सक्सेना ने आपके विरुद्ध आरसीए/175/2026 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 23-10-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें**:-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

श्रीमती ज्योति राजपूत, न्यायाधीश

सप्तम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश,भोपाल

3063

न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश देवरी, जिला सागर

प्रो. क्रं./367/2026 देवरी दि. 05.11.2026

पेशी दिनांक 03/12/2026

प्रति, आम जनता, **पता**-आम जनता। इस न्यायालय के MJC+1 (SUC) प्रकरण क्रमांक- 03/2026 धर्मेन्द्र कुमार+1 विरूद्ध आम जनता +1 के माध्यम से वादी द्वारा आवेदक पत्र धारा 172 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम पेश खाता क्रमांक 11275538817 में जमा राशि आवेदन स्वीकृत कर 44,04,185/- रूपये राशि के आवेदकजन को दिलाये जाने हेतु उत्तराधिकारी प्रकरण क्रमांक पत्र जारी कराने हेतु प्रकरण संस्थित किया है। अतः आपको इस न्यायालय में दिनांक 03.12.2026 को दिन के प्रातः11:00 बजे हाजिर होने के लिए एवं उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश भी किया जाता कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिन करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हो पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसी दस्तोवेजों की लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। उक्त दिनांक को किसी कारणवश अवकाश होता है तो प्रकरण आगामी कार्यदिवस पर लिया जायेगा। यह आज दिनांक 05.11.26 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

निकीता चौहान-न्यायाधीश

व्यवहार न्यायाधीश देवरी, जिला सागर

3062

सूडोकु नवताल- 7952

कठिन

	8	5						
3								
			6			7	4	
6			2		4			
1								8
			7		5			3
	4	7			1			
								6
						5	2	


Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7951 का हल


4	3	9	2	6	8	5	1	7
8	1	6	7	4	5	9	2	3
7	5	2	3	9	1	6	4	8
1	7	5	4	2	6	8	3	9
6	4	3	8	5	9	2	7	1
2	9	8	1	7	3	4	5	6
5	2	1	6	8	7	3	9	4
9	8	7	5	3	4	1	6	2
3	6	4	9	1	2	7	8	5

काकुरो पहेली - 7625




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




काकुरो - 7624 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 9033



बाएँ से दाएँ

1. ईश्वरीय कृपा-4
4. कुंए पर पानी भरने का चबूतरा-4
6. दुर्बल का विलोम-3
8. सुनसान, नीरव-3
9. प्रेम प्रतिद्वंदी (उर्दू-3)
11. घोषवाक्य-2
13. चित्रपट, मायानगरी-3,2
15. सूर्य, भास्कर-2
16. उपनदी, कैनाल-3
18. व्यंग, परिहास-3
19. कौर, ग्रास-3
20. दफन करना-4
22. भूल, असावधानी-4

ऊपर से नीचे


1. अगुवा, रास्ता दिखाने वाला-4
2. सरुर, नशा, गरुर-2
3. चिंतन, विचारना-3
4. परजन भावना, गैरपन-5
5. भिड़ना, मुठभेड़-4
7. रेखा, लाईन-3
10. झाग बनना-5
12. सीमा, हद, बॉर्डर-4
14. शाखा, डाली-3
17. रिवाज, परंपरा-4
18. पाबंदी, रोक-3
21. स्वच्छ-2

शब्द पहेली -9032 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7464



ऊपर से नीचेः-

१. राहुल राय, शीबा की फिल्म-३
२. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३
३. 'जिन्हें हम भूलना चाहें वो' गीत वाली दीपक कुमार, रेहाना की फिल्म-३
४. शशिकपूर, राखी की 'आज मदहोश हुआ जाये रे' गीत वाली फिल्म-३
५. 'नाले नाले मैं चली' गीत वाली मिथुन, कबीर बेदी, संगीता की फिल्म-४
८. बॉबी, काजोल, मनीषा कोइराला की 'मेरे ख्वाबों में तू' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'अब चाहे सर फूटे या' गीत वाली राजेश खन्ना, राखी, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२
१२. कुमार गौरव, माधुरी की 'पहली बारिश मैं और तू' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली राजेश खन्ना, बबीता की फिल्म-२
१४. सुनीलदत्त, माला की 'आजा आजा रे तुझको मेरा प्यार' गीत वाली फिल्म-४
१५. 'जान तन से' गीत वाली जैकी श्रॉफ, फरहा की फिल्म-४
१६. प्रशांत, संध्या की 'तुम तो प्यार हो सजना' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'खुशी से खुदकुशी' गीत वाली फिल्म-५
२१. सनी, जीतेंन्द्र, फरहा, जयाप्रदा की फिल्म-४
२६. 'आँखों आँखों में हो गए' गीत वाली फिल्म-३
२९. नसीर, अतुल, पूजा भट्ट की फिल्म-२
३०. 'रंग दीन्हीं रंग दीन्हीं' गीत वाली फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. अमिताभ, सलमान, जॉन, हेमा, रानी की फिल्म-३
३. 'हैलो हैलो बोल के' गीत वाली सुनील शेट्टी, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-३
५. जैकी, अनिल, शत्रुघ्न, हेमा, टीना मुनीम की फिल्म-२
६. 'मैं लव तुम से' गीत वाली फिल्म-३
७. कंवलजीत, वहीदा की फिल्म-३
९. 'झूठी मूठी मितवा सांवन' गीत वाली फिल्म-३
११. नवीन निश्चल, प्राण, रेखा की 'ना सतरा से ऊपर' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'हर इक लब पर है' गीत वाली श्रेयस तलुदे, आयशा टकिया की फिल्म-२
१५. शाहरूख, मनीषा, प्रीति, शिल्पा की फिल्म-२,१
१७. अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
१९. 'मुझे तुम याद' गीत वाली फिल्म-३
२०. अमिताभ, गोविंदा, रजनीकांत, किमी की फिल्म-२
२२.'दिल में जिगर' गीतवाली फिल्म-२
२३. हिंदी फिल्मोंका पहला 'ही-मैन' किसे कहा गया है-४
२४. जीतेंन्द्र, जयप्रदा की एक पारिवारीक फिल्म-१
२५. 'सौ सवालों का' गीत वाली धर्मेन्द्र, अनिलकपूर, मीनाक्षी की फिल्म-३
२७. अमिताभ, जैकी, जावेद, कैटरीना, मधु, सीमा, जीनत की फिल्म-२
२८. 'जुड़वाँ' में सलमान के साथ करिशमा के अलावा दूसरी नायिका कौन थी-२
२९. राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
३१. फिरोज, संजय, मनीषा की 'आखिर तुम्हें आना है' गीत वाली फिल्म-४
३२. 'मेरा दिल जिस दिल' गीत वाली अनिल, अक्षय, करीना की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 7463

पि	या	का	घ	र		ह	थ	क	ड़ी
ता	र		रौं		दो	स्ती		न्या	
	ना	खु	दा		बा		अं	दा	ज
ह		श		कुं	द	न		न	
म	ज	बु	र		न	ज	र		म
सा	या		त	ब्बू		र		डॉ	न
या		आ	न		कि	ना	र		च
	गै	र		मै	ला		म	वा	ली
प्या		पा	पी			र	जा		
सा	ग	र		र	खी		ने	पा	ल

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 7558

	3	1		6		5
7	30	2	25		34	4
4			3		7	
	34	3	35		33	6
1	2			4		
	32	5	42	3	32	7
3			6		2	1

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7557 का हल

1	2	4	6	7	5	3
7	26	2	31	2	36	4
4	5	1	3	6	7	2
6	32	5	29	3	37	6
2	3	6	4	1	7	5
5	34	3	36	5	32	7
3	5	7	6	4	2	1

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8578

बं	म	म	म	न	च	ली	क	म	ल	म
म	वा	ब	लि	दा	न	म	मौ	स	ल	न
र्या	ह	म	र	ते	द	म	त	क	य	की
दा	ब	बं	र	दे	म	ब	द	ल	श	आं
म	इ	म	म	सं	व	क	श	र	मं	खें
हा	म	म	ई	म	र	क	स	ना	जि	ज
रा	बं	द	श	र्द	क	मं	र	द	ल	ब
म	र	ब	र	व	ज	सी	ग	न	प	न
क	म	ल	ज	इं	बा	री	ऐ	ल	प	र
क	शा	ल	म	बू	डि	स	म	ब	पां	जा
का	ल	बं	ध	न	क	या	म	ग	प	डे

शब्द जाल में 'म' नाम से शुरु होनेवाली 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.नाम उपर से नीचे, नीचे से उपर, दाएं से बाएं एवं तिरछे भी हैं.

मंजिल, मर्यादा, मदर इंडिया, मर्द, मशाल, मरते दम तक, मकसद, मनचली, मंगल पांडे, मन की आंखें

शब्दजाल - 8577 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore